# ऑनलाइन ड्रग्स बेचने वाले गिरोह के चार तस्कर गिरफ्तार

## ऑनलाइन पोर्टल के जरिए अमेजन की पॉलिथीन में पैक कर पदाक पदार्थ डिलीवरी करते थे तस्कर

■ पुलिस ने अभिषेक, सूरज, दीपक और शिवम के कब्जे से 20 लाख रुपए से अधिक के मादक पदार्थ किए जब्त

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



मधुबन बापूधाम पुलिस ने शुक्रवार को ऑनलाइन पोर्टल के जरिये अमेजन की पॉलिथीन में पैक करके मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री करने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने गिरोह के चार तस्करों को भी गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 20 लाख से अधिक बाजार कीमत के 16 किलो 500 ग्राम मादक पदार्थ भी बरामद किए हैं।

एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि पकड़े गए तस्कर महेंद्रा एन्क्लेव निवासी अभिषेक, सूरज, गौतमबुद्धनगर के लालकुआं निवासी दीपक और संजय नगर सेक्टर 23 निवासी शिवम हैं। चारों तस्करों को पुलिस ने मधुबन बापूधाम स्थित बुनकर मार्ट से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन प्रहार अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध) के नेतृत्व में शुक्रवार को स्वॉट टीम और मधुबन बापूधाम पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए तस्करों को पकड़ा है। पूछताछ में तस्कर अभिषेक ने बताया है कि वह मूल रूप से जनपद बिजनौर का रहने वाला है।

वर्तमान में महेंद्रा एन्क्लेव में परिवार के साथ रहता है और 12वीं तक पढ़ा है। वह पिछले काफी समय से गाजियाबाद में अवैध गांजा, चरस, स्मैक आदि मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री कर रहा है। तस्कर ने बताया कि वह बिहार निवासी विवेक से ऑनलाइन भुगतान करके मादक पदार्थ फर्जी पतों पर कोरियर के माध्यम से मंगवाता है। फिर अपने साथी शिवम मिश्रा, दीपक व सूरज के साथ मिलकर ग्राहकों से ऑनलाइन ऑर्डर लेते हैं।

### मादक पदार्थ बेचने की कीमत

पूछताछ में तस्कर अभिषेक ने बताया कि वह इम्पोर्टेड गांजा, स्मैक व चरस आदि की तस्करी व बिक्री करते हैं। वह ओजी गांजा 1500 रुपये प्रति ग्राम, मैंगो गांजा एक हजार रुपये प्रति 10 ग्राम, शिलॉग गांजा 1200 रुपये प्रति 10 ग्राम, चरस 1500 रुपये प्रति 10 ग्राम और स्मैक दो हजार रुपये प्रति ग्राम की दर से बेचते हैं। जो भी कमाई होती वह सभी आपस में बराबर बांट लेते थे।

### बरामद माल

तस्करों के कब्जे से 16 किलो 435 ग्राम इम्पोर्टेड गांजा (ओजी गांजा-265 ग्राम, मैंगो गांजा-15.930 किलो, शिलॉंग गांजा-240 ग्राम), 60 ग्राम अवैध चरस, 06 ग्राम अवैध स्मैक तथा गांजा, एक कार, मोटर साइकिल, स्कूटी बरामद की है। साथ ही अवैध गांजा, चरस व स्मैक की बिक्री करने में प्रयुक्त अमेजन की पॉलिथीन, स्टैप्लर, प्लास्टिक बॉक्स, अन्य पैकिंग पॉलिथीन कब्जे में लिए हैं।

### ऑनलाइन बिक्री प्रक्रिया

खरीदारों से अपने बैंक खातों मे यूपीआई के माध्य से रुपये डलवाते हैं और फिर उनके बताए पतों पर पोर्टल प्लेटफॉर्म के माध्यम से मादक पदार्थों की सप्लाई व डिलीवरी करते हैं। मादक पदार्थों की पैकिंग अमेजन की पॉलिथीन में की जाती है, ताकि मादक पदार्थों की पहचान न हो सके। साथ ही पोर्टल के माध्यम से मादक पदार्थों की सप्लाई के दौरान ऑर्डर पिकअप के स्थान बदल कर बताते हैं, जिससे किसी को उनके सही पते की जानकारी न हो सके। गिरफ्तार शिवम मिश्रा के खिलाफ पूर्व में भी नंदग्राम थाने में मुकदमा दर्ज है। जबकि अन्य तस्करों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

### व्हाट्सएप ग्रुप में बिक्री

गिरफ्तार तस्करों ने पूछताछ के दौरान बताया है कि वह विभिन्न स्कूल, कॉलेज और हॉस्टल के व्हाट्सएप ग्रुपों में जुड़ जाते हैं। फिर व्हाट्सएप ग्रुप पर मादक पदार्थों का प्रचार करते हैं। छात्रों को ऑनलाइन सप्लाई की सुविधा भी देते हैं।

## सार संक्षेप

### जिले में 17 केंद्रों पर आज होगी बीएड की परीक्षा

**नोएडा।** संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा रविवार को 17 केंद्रों पर आयोजित होगी। इसे लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। कड़ी सुरक्षा और निगरानी के बीच सात से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि बीएड प्रवेश परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। इनमें पहली पाली सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक व द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होगी।

### दुधारू पशुओं के लगेंगे टीके

**रबूपुरा।** ग्रामीण क्षेत्रों में दुधारू पशुओं को बरसात के दौरान होने वाली बीमारियों से बचाने के लिए टीके लगाए जाएंगे। पशु पालन विभाग की ओर से करीब 2.48 लाख पशुओं को टीके लगाने की योजना है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अरुण कुमार सचान ने बताया कि बरसात और उमस वाली गर्मी के दौरान दुधारू पशुओं के गला घोट की बीमारी होने की संभावना रहती है। इसलिए पशुओं को इन बीमारियों से बचाने के लिए हर साल टीके लगाए जाते हैं। एक जून से यह अभियान शुरू होगा।

### गेट पर परिवार के लोगों के फोटो लगाने का विरोध

**मोदीनगर।** तिबड़ा मार्ग पर गेट पर परिवार के लोगों के फोटो लगाने के विरोध में शनिवार को ग्रामीण व आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारियों ने तहसील मोदीनगर में प्रदर्शन किया। फोटो लगाने का आरोप गांव के प्रधान पर लगाया गया है। लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर इस तरह के फोटो गेट पर न लगाने की मांग उठाई। एसडीएम ने कार्रवाई का भरोसा दिया है। लोगों ने मोदीनगर तहसील गेट पर उन्होंने जमकर नारेबाजी की। इसके बाद सभी इकट्ठा होकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे। एसडीएम को बताया कि तिबड़ा मार्ग पर गेट का निर्माण किया जा रहा है।

# पिता ने डांटा तो दोस्त संग घर छोड़कर चला गया किशोर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

■ पुलिस ने दोनों को सकुशल किया बरामद

■ घर छोड़ने के पीछे फोन को लेकर डांट वजह सामने आई

मोबाइल फोन के अत्यधिक इस्तेमाल को लेकर पिता ने डांटा तो 15 वर्षीय किशोर अपने 12 वर्षीय दोस्त के साथ घर छोड़कर चला गया। दोनों बच्चे करीब 20 घंटे तक नोएडा और दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न पार्कों, मॉल, मेट्रो स्टेशनों और सार्वजनिक स्थानों पर घूमते रहे। पुलिस ने दोनों को सकुशल बरामद कर उनके परिवारों को सौंप दिया है।

सफाबाद निवासी एक व्यक्ति ने सेक्टर 113 थाने में शिकायत दी थी कि उनका 15 वर्षीय बेटा और पड़ोसी का 12 वर्षीय पुत्र शुक्रवार दोपहर साढ़े तीन बजे घर के बाहर खेलते समय अचानक लापता हो गए। काफी तलाश के बाद भी जब दोनों का कोई सुराग नहीं मिला तो परिजनों ने पुलिस से मदद मांगी। शिकायत में बच्चों के बिना बताए घर से जाने की बात कही गई थी, जिसके आधार पर पुलिस ने दोनों बच्चों की तलाश के लिए टीमें गठित की। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई और संभावित स्थानों पर खोजबीन की गई। जांच के दौरान पता चला कि किशोर अपने पिता की डांट से नाराज था। परिजनों के अनुसार उसे मोबाइल फोन चलाने की आदत को लेकर समझाया और डांटा गया था।

जांच में सामने आया कि दोनों घर से निकलने के बाद विभिन्न पार्कों, मॉल और मेट्रो स्टेशनों पर समय बिताते रहे। पुलिस ने दोनों बच्चों का पता लगाया और करीब 20 घंटे बाद उन्हें सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने बताया कि बच्चों से पूछताछ में घर छोड़ने के पीछे मोबाइल को लेकर हुई डांट मुख्य वजह सामने आई है। दोनों बच्चों को सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

# सोसाइटी में पेयजल संकट से परेशान लोग सड़क पर उतरे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेस-वे के पास स्थित सेक्टर-168 की लोटस जिंग सोसाइटी में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। इससे परेशान होकर लोगों ने शनिवार को सोसाइटी के बाहर मुख्य सड़क पर घंटे भर तक सड़क जाम कर विरोध जताया। हालांकि, पुलिस के समझाने के बाद सड़क से सोसाइटी के लोग हटे।

प्रदर्शन के बाद सोसाइटी के निवासियों ने आईआरपी और रखरखाव एजेंसी के खिलाफ सेक्टर-137 थाना पुलिस में शिकायत दी है। सेक्टर-168 स्थित लोटस जिंग सोसाइटी में 12 सौ से ज्यादा परिवार रहते हैं। यहां पिछले पांच दिनों से पानी की समस्या बरकरार है। इसको लेकर लोग सोसाइटी के सोशल मीडिया ग्रुपों पर खूब चर्चा भी कर रहे हैं। आरोप है कि रखरखाव एजेंसी के कर्मचारी न तो फोन उठा रहे और न ही समस्या का समाधान कर रहे। लोगों का आरोप है कि रखरखाव एजेंसी की लापरवाही की वजह से सोसाइटी की पेयजल आपूर्ति की तीनों मोटर खराब हो गई हैं। सोसाइटी में पेयजल आपूर्ति के लिए तीन मोटर लगी हैं। दो मोटर पहले ही खराब हो चुकीं। एक मोटर चल रही थी, अब वह भी खराब हो गई। इससे सोसाइटी में पूरी तरह पेयजल संकट गहरा गया।

सोसाइटी में रहने वाले हेमेंत सिधाना और अतुल भारद्वाज ने बताया कि शनिवार को ज्यादा परेशानी होने पर सोसाइटी के लोगों ने एकत्रित होकर सोसाइटी के बाहर मुख्य सड़क पर जाम लगा दिया। इससे वाहनों की लंबी कतार गई। जाम की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस के काफी समझाने के बाद लोग शांत हुए। इसके बाद सड़क से हटे और वाहनों को निकलने दिया गया। पूरे दिन लोगों को पेयजल की समस्या बनी रही।

सोसाइटी निवासियों ने शनिवार शाम को सेक्टर-137 थानों में आईआरपी और रखरखाव एजेंसी के खिलाफ शिकायत की है।

## चोरी की वारदातों में शामिल सात आरोपी गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के थाना सूरजपुर पुलिस ने चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई सोने की चैन, तांबे का तार तथा दो अवैध चाकू बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार 29/30 मई 2026 की रात ओमीक्रोन-3 सर्विस रोड तथा एलएंडटी सर्विस रोड, साकीपुर के पास से सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान उत्तम, दीपेश, गौरव, दीपक भाटी, रोहित भाटी उर्फ रैंचो, सूरज और रोहित के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया कि दीपक भाटी, रोहित भाटी उर्फ रैंचो, सूरज और रोहित आपस में मित्र हैं।


**COSCO (INDIA) LIMITED**

CIN : L25199DL1980PLC010173
Regd. Office : 2/8, Roop Nagar, Delhi-110 007
Website : www.cosco.in Email : mail@cosco.in
Tel. : 91-11-23843000 Fax : 91-11-23846000

**EXTRACT OF STANDALONE AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED MARCH 31, 2026**

(₹ in lakhs)

| Sl. No. | Particulars | Quarter Ended 31.03.2026 Audited | Quarter Ended 31.12.2025 Unaudited | Quarter Ended 31.03.2025 Audited | Year Ended 31.03.2026 Audited | Year Ended 31.03.2025 Audited |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from operations | 5,356.41 | 4,866.67 | 4,589.05 | 18,978.21 | 17,408.13 |
| 2 | Net Profit for the period before Tax | 77.89 | 85.36 | (170.05) | 81.20 | 119.24 |
| 3 | Net Profit for the period after tax | 98.14 | 90.47 | (131.25) | 100.49 | 78.15 |
| 4 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 122.05 | 98.87 | (143.75) | 126.55 | 65.65 |
| 5 | **Equity Share Capital** | **416.10** | **416.10** | **416.10** | **416.10** | **416.10** |
| 6 | Other Equity | | | | 4,756.77 | 4,630.22 |
| 7 | **Earnings Per Share** (of ₹10 each) | | | | | |
| (a) | Basic (₹) | 2.36 | 2.17 | (3.15) | 2.42 | 1.88 |
| (b) | Diluted (₹) | 2.36 | 2.17 | (3.15) | 2.42 | 1.88 |

**Notes :-**

1 The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly / Annual Financial Results are available on the Stock Exchange Websites (www.bseindia.com/corporates) and on the Company's website www.cosco.in.

2 The above results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at their respective meeting held on May 30,2026.

Place : Delhi
Date : 30.05.2026

By Order of the Board
for Cosco (India) Limited
Devinder Kumar Jain
Managing Director and CEO
DIN : 00191539


### जातिसूचक शब्द बोलकर दी जान से मारने की धमकी

**ट्रांस हिंडन।** लिंक रोड थानाक्षेत्र में छत पर एसी लगाने के विवाद में युवक को जातिसूचक शब्द कह जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। बृज विहार के सी-ब्लॉक निवासी राहुल दिवाकर ने बताया कि वह पिछले तीन साल से सपरिवार यहां रहते हैं और सीसीटीवी कैमरे लगाने व मरम्मत का काम करते हैं। उन्होंनें फ्लैट की छत की मरम्मत करा एसी की बाहरी यूनिट (आउटडोर) लगाई है। इसको लेकर पड़ोसी जितेंद्र सिंह और उसके मामा कपिल उन्हें परेशान कर रहे हैं। 24 मई की सुबह जितेंद्र सिंह ने राहुल को फोन कर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया और छत से एसी नहीं हटाने पर घर में घुसकर मारने की धमकी दी। इसके बाद कपिल ने भी व्हाट्सएप कॉल कर इसी तरह धमकाया। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# एनएच-91 के पास दुर्घटना में बीटेक के छात्र की मौत

पायनियर समाचार सेवा। दादरी

बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत डेरी मच्छा गांव के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग-91 पर अज्ञात वाहन की टक्कर बीटेक के छात्र की मौत हो गई। छात्र अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र बताया जा रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। मूलरूप से मेरठ के सरधना का रहने वाला 21 वर्षीय हिमांशु गांव उपरालसी में मामा मुकेश के यहां रहकर पढ़ाई कर रहा था। वह गाजियाबाद के एक इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक अंतिम वर्ष का छात्र था। पुलिस के मुताबिक शनिवार सवेरे हिमांशु अपने कॉलेज से गांव की तरफ आ रहा था। इसी दौरान डेरी मच्छा गांव के पास ओवरटेक कर रहे एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। वाहन का पिछला पहिया हिमांशु के ऊपर चढ़ गया। हादसे में हिमांशु गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गई हादसे के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।


**सुपीरियर फिनलीज लिमिटेड**

सीआईएन नं. L74899DL1994PLC061995
रजि. कार्यालय: एनएस92, खसरा नं. 33/21, राणाजी एन्क्लेव, नजफगढ़, अर्जुन पार्क बस स्टैंड के पास नई दिल्ली–110043
ईमेल आईडी: superiorfinlease@gmail.com; वेबसाइट: www.superiorfinlease.com

31 मार्च, 2026 को समाप्ति तिमाही और वर्ष हेतु लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश (लाख रुपये में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्ति 01.01.2026 से 31.03.2026 (लाख रू. में) लेखापरीक्षित | तिमाही समाप्ति 01.10.2025 से 31.12.2025 (लाख रुपये में) अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्ति 01.01.2025 से 31.03.2025 (लाख रू. में) लेखापरीक्षित | वर्ष समाप्ति 31.03.2026 (लाख रू. में) लेखापरीक्षित | वर्ष समाप्ति 31.03.2025 (लाख रू. में) लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | संचालनों से कुल आय | 11.02 | 7.99 | 10.31 | 34.47 | 64.12 |
| 2 | असाधारण मदों और कर से पहले लाभ/(हानि) (III-IV) | 1.86 | 3.24 | -7.81 | 5.85 | 1.56 |
| 3 | कर से पहले लाभ/(हानि) (V-VI) | 1.86 | 3.24 | -7.81 | 5.85 | 1.56 |
| 4 | निरंतर परिचालन से अवधि के लिए लाभ/(हानि) (VII-VIII) | 1.81 | 3.24 | -7.81 | 4.77 | 1.12 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (XIII + XV) | 1.81 | 3.24 | -7.81 | 4.77 | 1.12 |
| 6 | भुगतान की गई इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रु. 1/- प्रति शेयर) | 510.81 | 432.60 | 432.60 | 510.81 | 432.60 |
| 7 | पिछले लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व | 89.58 | 84.81 | 84.81 | 89.58 | 84.81 |
| 8 | प्रति इक्विटी शेयर आय 1. मूलभूत (रु. में) | 0.00 | 0.01 | -0.02 | 0.01 | 0.00 |
| | 2. तरलीकृत (रु. में) | 0.00 | 0.01 | -0.02 | 0.01 | 0.00 |

टिप्पणियाँ :- उपरोक्त सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकता) विनियम, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल तिमाही और वर्ष समाप्त वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। तिमाही और वर्ष समाप्त वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट अर्थात www.msei.in और www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट अर्थात www.superiorfinlease.com पर उपलब्ध है।

दिनांक: 31.05.2026
स्थान: नई दिल्ली

सुपीरियर फिनलीज लिमिटेड
हस्ता/-
रजनीश कुमार
निदेशक
डीआईएन: 02463693


# पेट्रोल व डीजल के दाम बढ़ने के विरोध में तहसील पर प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। मोदीनगर

पेट्रोल, डीजल व रसोई गैस के बढ़े दामों के विरोध में भारतीय किसान मजदूर मोर्चा के पदाधिकारियों ने मोदीनगर तहसील पर प्रदर्शन कर जमकर हंगामा किया। लोग बैलगाड़ी और भैंसा बुग्गी में बैठकर खाली रसोई गैस सिलिंडर लेकर पहुंचे। उनका कहना है कि नीट परीक्षा लिक के दोषियों को भी सख्त सजा मिलनी चाहिए। इस संबंध में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया। भारतीय किसान मजदूर मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बबली गुर्जर सैकड़ों लोगों के साथ शनिवार पूर्वाहन 11 बजे जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए मोदीनगर तहसील पहुंचे और उपजिलाधिकारी कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए।

इस मौके पर बबली गुर्जर ने कहा कि पेट्रोल व डीजल के दाम बढ़ने से आम आदमी व किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घर का पूरा बजट बिगड़ गया है। उनका कहना है कि बुकिंग के बाद भी रसोई गैस सिलिंडर भी समय पर नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में 45 से 50 दिन में सिलिंडर दिया जा रहा है जो गलत है। उनका कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र में भी अब रसोई गैस पर ही खाना बनता है। उन्होने चेतावनी दी कि यदि जल्द बढ़े दाम वापस नहीं हुए तो आरपार की लड़ाई लड़ी जाएगी।

**बैलगाड़ी में सवार होकर पहुंचे ग्रामीण :** सुबह 10 बजे मोर्चा के पदाधिकारी सीकरी पेट्रोल पंप के पास एकत्र हुए। इसके बाद वह बैलगाड़ी, भैंसा बुग्गी व वाहनों में बैठकर जुलूस के रूप में मोदीनगर तहसील पहुंचे। लोग हाथ में खाली सिलिंडर लेकर नारेबाजी कर रहे थे। इस संबंध में उपजिलाधिकारी को एक ज्ञापन भी सौंपा गया। इस मौके पर राहुल गुर्जर, नीरज प्रजापति, हरेंद्र शर्मा, निर्दोष खटाना, इस्तेकार, उत्तम कुमार, तिलकराज अदाना, साहब सिंह, बबलू, गुलाब, राहुल, देव कुमार, राज वर्मा, मोनू, विनोद, सुनील सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।


SUNLOC

**सुनील हेल्थकेयर लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय: 38ई/252-ए, विजय टॉवर, शाहपुरजट, नई दिल्ली-110049
ईमेल: info@sunilhealthcare.com, वेबसाइट:- www.sunilhealthcare.com,
सीआईएन नं. L24302DL1973PLC189662

**31 मार्च 2026 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु लेखापरीक्षित स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों का सारांश**

(रु. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन तिमाही समाप्ति 31 मार्च 2026 लेखापरीक्षित (नोट 3 देखें) | स्टैंडअलोन तिमाही समाप्ति 31 दिसम्बर 2025 अलेखापरीक्षित | स्टैंडअलोन तिमाही समाप्ति 31 मार्च 2025 लेखापरीक्षित (नोट 3 देखें) | वर्ष समाप्ति स्टैंडअलोन 31 मार्च 2026 लेखापरीक्षित | वर्ष समाप्ति स्टैंडअलोन 31 मार्च 2025 लेखापरीक्षित | समेकित तिमाही समाप्ति 31 मार्च 2026 लेखापरीक्षित (नोट 3 देखें) | समेकित तिमाही समाप्ति 31 दिसम्बर 2025 अलेखापरीक्षित | समेकित तिमाही समाप्ति 31 मार्च 2025 लेखापरीक्षित (नोट 3 देखें) | वर्ष समाप्ति समेकित 31 मार्च 2026 लेखापरीक्षित | वर्ष समाप्ति समेकित 31 मार्च 2025 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | संचालनों से कुल आय | 2,006.82 | 2,219.01 | 2,170.77 | 8,886.23 | 8,477.28 | 2012.83 | 2,233.49 | 2,169.44 | 8990.15 | 8,476.02 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पूर्व, आपवादिक और/या असाधारण मदें) | 29.84 | 70.01 | 17.52 | 250.44 | 40.60 | (83.18) | 84.23 | 28.47 | 234.59 | (121.57) |
| 3 | कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (आपवादिक और/या असाधारण मद पश्चात्) | (928.41) | 70.01 | 17.52 | (707.81) | 40.60 | (94.77) | 84.23 | 28.47 | 223.00 | (121.57) |
| 4 | कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (आपवादिक और/या असाधारण मद पश्चात्) | (682.03) | 44.30 | 25.40 | (530.21) | 20.51 | 151.61 | 58.52 | 36.25 | 400.60 | (141.66) |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात्) और अन्य कुल व्यापक आय (कर पश्चात्) शामिल] | (695.61) | 31.59 | 4.20 | (581.94) | (38.84) | 135.15 | 28.77 | 6.17 | 253.65 | (115.06) |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य प्रत्येक रु. 10/- ) | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 |
| 7 | रिजर्व (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) जैसा कि पूर्व वर्ष की लेखापरीक्षित तुलन पत्र में दर्शाया है | - | - | - | 4,136.34 | 4,667.40 | - | - | - | 4,313.01 | 4,008.48 |
| 8 | प्रति इक्विटी शेयर आय (असाधारण मद पश्चात्) (प्रत्येक रु. 10/- ) (क) मूलभूत (रु.) | (6.65) | 0.43 | 0.25 | (5.17) | 0.20 | 1.48 | 0.57 | 0.35 | 3.91 | (1.38) |
| | (ख) तरलीकृत (रु.) | (6.65 ) | 0.43 | 0.25 | (5.17) | 0.20 | 1.48 | 0.57 | 0.35 | 3.91 | (1.38) |

नोट्स:

1. उपरोक्त सेबी (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर तिमाही/वर्ष समाप्त वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। तिमाही/वर्ष समाप्त वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइटों (www.bseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.sunilhealthcare.com) पर उपलब्ध है
2. चूंकि कंपनी का व्यवसाय एक ही प्राथमिक व्यवसाय खंड अर्थात कैप्सूल की बिक्री के अंतर्गत है, इसलिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानक (इंड अस-108) "परिचालन खंडों" की प्रकटीकरण आवश्यकता, उसके तहत जारी प्रासंगिक नियमों के साथ लागू नहीं होती है।
3. 31 मार्च, 2026 और 31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही के आंकड़े पूरे वित्तीय वर्ष के लेखापरीक्षित आंकड़ों और समाप्त नौ महीनों के लिए प्रकाशित वर्ष-दर-वर्ष आंकड़ों के बीच संतुलन के आंकड़े हैं।
4. उपरोक्त परिणामों की समीक्षा लेखापरीक्षा समिति द्वारा की गई तथा निदेशक मंडल द्वारा 29 मई, 2026 को आयोजित अपनी-अपनी बैठकों में इन्हें अनुमोदित किया गया।
5. चालू तिमाही के दौरान, कंपनी ने अपनी विदेशी सहायक कंपनी से बकाया शेष राशि की वसूली का पुनर्मूल्यांकन किया है। सहायक कंपनी की वित्तीय स्थिति और वसूली की संभावनाओं के प्रबंधन के मूल्यांकन के आधार पर, कंपनी ने रुपये की राशि प्रदान की है। लेखा पुस्तकों में 946.66 लाख रुपये दर्ज किए गए तथा उपरोक्त वित्तीय परिणामों में "असाधारण मद" के रूप में प्रकट किए गए।
6. चालू तिमाही के दौरान, अलवर विनिर्माण प्लांट में आग लगने की घटना हुई, जिसके परिणामस्वरूप कुछ संपत्ति, प्लांट और उपकरण ("पीपीई") को नुकसान पहुंचा, जिसका वहन मूल्य 355.95 लाख रुपये है, जिसे लेखा पुस्तकों में बट्टे खाते में डाल दिया गया है और उपरोक्त वित्तीय परिणामों में "असाधारण मद" के रूप में प्रकट किया गया है। क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों को कंपनी की बीमा पॉलिसियों के अंतर्गत पर्याप्त रूप से कवर किया गया था। तदनुसार, कंपनी ने बीमा कंपनी के पास बीमा दावा दायर किया है, जो इन वित्तीय परिणामों के अनुमोदन की तिथि तक प्रक्रियाधीन है।

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 29.05.2026

अनिल खैतान
अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक
डीआईएन 00759951